IS 19690 : 2026

Video and Digital Games — Age-Rating and Content Descriptor Labels — Specification

This Indian Standard specifies the requirements for age-rating and content descriptor labeling of video and digital games, with the objective of enabling informed consumer choice and promoting a safe and transparent gaming environment. It has been developed in response to the growing popularity and diversity of digital games, and the need to guide consumers—especially parents and guardians—in assessing the suitability of game content for different age groups.

It establishes a structured framework for classifying games based on their content, introducing clearly defined age-rating categories ranging from universal suitability to adult-only content. It also provides detailed content descriptors covering aspects such as violence, language, nudity, sexual content, substance abuse, gambling, and in-game purchases, ensuring that users are aware of specific elements influencing the rating.

Further, it outlines comprehensive requirements for labeling and consumer information, including guidelines on the legibility, size, placement, colour, and format of labels across physical packaging and digital platforms. Provisions are also included for maintaining label integrity and adapting labels for varying display sizes in digital environments.

Overall, this enhances transparency, accountability, and consistency in the gaming industry, supporting responsible content dissemination while safeguarding user interests and promoting informed decision-making.

IS 19690 : 2026

वीडियो और डिजिटल गेम — आयु–रेटिंग एवं सामग्री–वर्णन लेबल — विशिष्टि

यह भारतीय मानक वीडियो और डिजिटल खेलों के लिए आयु-रेटिंग तथा सामग्री-वर्णन लेबलिंग की आवश्यकताओं को निर्दिष्ट करता है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाना तथा एक सुरक्षित और पारदर्शी गेमिंग वातावरण को बढ़ावा देना है। इसे डिजिटल खेलों की बढ़ती लोकप्रियता और विविधता को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, ताकि विशेष रूप से अभिभावक और संरक्षक विभिन्न आयु वर्गों के लिए खेलों की उपयुक्तता का आकलन कर सकें।

यह मानक सामग्री के आधार पर खेलों के वर्गीकरण हेतु एक संरचित ढांचा स्थापित करता है, जिसमें सार्वभौमिक उपयुक्तता से लेकर केवल वयस्कों के लिए उपयुक्त सामग्री तक की स्पष्ट आयु-रेटिंग श्रेणियां शामिल हैं। साथ ही, यह हिंसा, भाषा, नग्नता, यौन सामग्री, मादक पदार्थों का उपयोग, जुआ तथा इन-गेम खरीद जैसे पहलुओं से संबंधित विस्तृत सामग्री-वर्णन भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को रेटिंग के आधार की स्पष्ट जानकारी मिलती है।

इसके अतिरिक्त, यह लेबलिंग और उपभोक्ता जानकारी से संबंधित व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान करता है, जिसमें लेबल की स्पष्टता, आकार, स्थान, रंग और प्रारूप के लिए नियम शामिल हैं, जो भौतिक पैकेजिंग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों पर लागू होते हैं। साथ ही, डिजिटल माध्यमों में विभिन्न स्क्रीन आकारों के अनुसार लेबल को अनुकूलित करने तथा उसकी अखंडता बनाए रखने के प्रावधान भी दिए गए हैं।

समग्र रूप से, यह मानक गेमिंग उद्योग में पारदर्शिता, जवाबदेही और एकरूपता को बढ़ावा देता है, जिससे जिम्मेदार सामग्री प्रसार सुनिश्चित होता है तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें सूचित निर्णय लेने में सहायता मिलती है।